हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 12 सितंबर 2025
भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

14 पीएम मोदी के जन्मदिन से गांधी जयंती तक...


14 ग्राम दुधावा में पादरी-पास्टर के प्रवेश पर लगाया ...


## समस्या : शहर की सड़कों पर मवेशियों की संख्या दिन ब दिन बढ़ती जा रही

# नरहरदेव मैदान पर 10 दिनों से पशुओं का जमावड़ा, खिलाड़ी और विद्यार्थी हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

दस दिनों से मवेशी नरहरदेव मैदान पहुँच रहे है, जिससे मैदान में सुबह खेलने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, इसके अलावा नरहरदेव विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। नरहरदेव मैदान में खेलने वालों का कहना है कि इस समस्या का निदान नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार कांकेर शहर में मुख्य मार्ग पर कई स्थानों पर मवेशियों का जमावड़ा बहुत अधिक रहता है। यह मामला उठने के बाद नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक ने लगभग 100 मवेशियों को संजय नगर गौठान में पकड़कर पहुँचाया। शहर की सड़को में अभी भी मवेशियों की संख्या कम नहीं हुई, यह संख्या लगातार बढ़ते ही जा रही है। दस दिनों से मवेशी नरहरदेव मैदान में रात को पहुँच रहे है, उसके चलते यह मवेशी रातभर पूरे मैदान में गोबर कर देते है, वहीं सुबह मॉर्निंग वॉक और खेलने वाले आने वालों को गोबर जगह जगह पड़ा होने से बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खिलाड़ियों का कहना है कि पता नहीं एक साथ इतने मवेशी पहले कभी नहीं आए, पता नहीं यहाँ पर कौन छोड़ रहा है। मवेशी 10 दिनों से कैसे पहुँच रहे है, यह किसी के समझ में नहीं आ रहा है। शहर ▶▶| शेष पेज 12 पर

**खास बातें**

- मार्निंगवाक पर पहुंचने वाले गण्यमान्य नागरिक भी मवेशियों की समस्या से रोज होते हैं वाकिफ
- प्राचार्य रचना श्रीवास्तव से कहा- इसकी जानकारी नहीं



### मैदान में मवेशी न जाए किया जाएगा प्रयास

नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक से इस विषय पर जानना चाहा, उनका कहना है कि मुझे इसकी जानकारी मिली थी। एक जगह बेरीकेट लगाकर मवेशियों को रोकने का प्रयास किया गया था, परंतु ऐसा नहीं हो पाया है। उस स्थल को बांस से बेरीकेट करके रोका जाएगा, दूसरी ओर ताला लगवाया जाएगा। मवेशी मालिकों से अपील है कि अपने मवेशी अपने घरों पर रखें, अन्यथा उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही किया जाएगा। इसके अलावा 15 दिनों तक गौठान में रहने वाले मवेशी के मालिक नहीं आते है, ऐसे में मवेशी जिले से बाहर के गौठान भेजा जाएगा।



### मैदान को बचाना जरूरी

खिलाड़ियों का कहना है कि पहले गेट पर ताला डाल दिया जाता था, जिससे मैदान में दो पहिया एवं चार पहिया वाहन नहीं आ पाते थे। मेन रोड तरफ के गेट पर ताला डालना चाहिए और घड़ी चौक के पास सीढ़ी से एक जगह खुला हुआ है, वहाँ पर बाँस या गेट लगाकर उसे भी बंद करने की जरूरत है। ऐसा किए जाने पर ही नरहरदेव के खेल मैदान बचेगा, अन्यथा मैदान की हालत दयनीय हो जाएगी।

### मवेशी के आने से मैदान हो रहा खराब

नरहरदेव विद्यालय के प्राचार्य रचना श्रीवास्तव से इस विषय पर बात किया तो उनका कहना था कि इस बारे में मुझे मालूम नहीं है। मवेशी के आने से मैदान खराब हो रहा है। छात्रों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कुछ दिन पहले एक मवेशी की हालत बहुत दयनीय थी। समाजसेवियों से मदद लेकर ईलाज के लिए अस्पताल भेजा गया था।

## खबर संक्षेप



### चारामा टीआई का देवांगन समाज ने किया स्वागत

**चारामा।** नगर चारामा थाना में नवनियुक्त टीआई तेज वर्मा से देवांगन समाज का प्रतिनिधि मंडल मुलाकात के लिए पहुँचा। इस अवसर पर देवांगन समाज चारामा के अध्यक्ष सूरज देवांगन के नेतृत्व में समाजजनों ने पुष्पगुच्छ एवं भेंट अर्पित कर उनका आत्मीय स्वागत किया। मुलाकात के दौरान चारामा नगर से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा किया और नगर में देवांगन समाज की जनसंख्या एवं समाज के सामाजिक योगदान के विषय में भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर अशोक देवांगन, राजेंद्र देवांगन, दीपक देवांगन, साकेत देवांगन, धनंजय देवांगन उपस्थित रहे।

### स्कूल में छात्र-छात्राओं ने लगाई आहार प्रदर्शनी



**भानुप्रतापपुर।** पीएमश्री तेजस स्कूल भानुप्रतापपुर में मंगलवार को हेल्थ केयर के छात्र-छात्राओं द्वारा संपूर्ण आहार प्रदर्शनी लगाया गया। प्रदर्शनी का उद्देश्य गर्भावस्था और किशोरावस्था के दौरान हाई प्रोटीन, डाइट, हेल्दी डाइट व संतुलित आहार के बारे में जानकारी देना था। इस अवसर पर प्राचार्य पीआर भारद्वाज, साधना सोनी सहित शाला की समस्त शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रहें।

### शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में जिले का नाम रौशन



**चारामा।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय हिन्दी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय चारामा के कक्षा 12वी का छात्र राहुल देवांगन ने शालेय स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025-26 में 4 से 7 सितम्बर तक पाटन जिला दुर्ग में आयोजित राज्य स्तरीय वेट लिफ्टिंग 88 केजी भारोत्तोलन प्रतियोगिता में बस्तर संभाग का प्रतिनिधित्व कर राज्य में द्वितीय स्थान सिल्वर मेडल प्राप्त कर जिला का नाम रोशन किया। जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद, जिला खेल अधिकारी अनिल दहीवले, विद्यालय के प्राचार्य एसआर सलाम, व्याख्याता सीएस यादव, दरियो, डीएल तिवारी, बोरकर, गोपेन्द्र बोरकर, हेड मास्टर शैलेश नाग, धीरज सोनी, राम सूरज साहू एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने छात्र के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी।

### दिव्यांग छात्रवृत्ति की सूची बनाने का निर्देश जारी

**कांकेर।** राज्य शासन द्वारा दिव्यांग छात्र-छात्राएं जिनकी निःशक्तता 40 प्रतिशत या उससे अधिक हैं और वे शासकीय अथवा अशासकीय विद्यालयों, महाविद्यालयों में अध्ययनरत हैं, उन्हें दिव्यांग छात्रवृत्ति दिए जाने का प्रावधान किया गया है। जिले के सभी पात्र दिव्यांग छात्र-छात्राओं को वित्तीय वर्ष 2025-26 में छात्रवृत्ति का लाभ दिलाने के लिए सभी छात्र-छात्राओं की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा सभी जनपद पंचायत के सीईओ एवं नगरीय निकायों के अधिकारियों को दिए गए हैं।

## विवाद और धमकी के दो मामलों में अपराध कायम विवेचना जारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा थानांतर्गत ग्राम चारभाठा और जबरनपारा चारामा में बिना किसी कारण के जान से मारने की धमकी देने व विवाद करने के मामले में पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए कार्यवाही में जुटी गई। चारामा थाना में शिकायत करने पहुँची जबरनपारा वार्ड क्रमांक 10 निवासी 25 वर्षीय तमन्ना सोनकर पति नंदलाल सोनकर ने पुलिस के बताया कि 9 सितंबर को रात करीबन 10 बजे कांकेर बाजार से आकर धान मण्डी चारामा के पास मैं अपने पिकप वाहन से मेरे पति नंदलाल के साथ सामान उतार रही थी, तभी आरोपी फरहान खान पिता स्व. अफसर बेग, बबलू सोनकर व पूरब देवांगन और हर्ष सोनकर के साथ आए। सभी लोग शराब के नशे में धुत थे। मुझे और मेरे पति के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा। इससे पहले भी भी कई बार जान से मारने की धमकी मुझे और मेरे भाई को फरहान खान देते रहता है और फरहान खान और उसके साथी लोग के साथ मुझे व मेरी पति को गाली दिया जाता रहा है। आरोपी लोग डंडा लेकर मारने आए थे, जिससे मैं और मेरे पति डर गए। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी फरहान खान उर्फ बबलू, पूरब देवांगन और हर्ष सोनकर के खिलाफ धारा 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। दूसरे प्रकरण के तहत चारामा थाना में शिकायत करने पहुंचे ठाकुरपारा चारभाठा निवासी 75 वर्षीय गिरजा बाई सेन पति स्व. बाला राम सेन ▶▶| शेष पेज 12 पर

## तीन दुकानों के ताले टूटे, समान पार, अज्ञात चोरों की है तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




कोरर थाना क्षेत्र के तीन दुकान में चोरी होने का मामला सामने आया है। अज्ञात व्यक्ति ने तीनो दुकान में रखे समानों को चोरी किया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

कोरर थाना में शिकायत करते पहुंचे कन्हारपुरी निवासी 26 वर्षीय तरूण पोटाई पिता लोकेश्वर पोटाई ने पुलिस को बताया कि मेरे भाई अरूण ने कन्हारपुरी चौक में पान पैलस डेली नीड्स का दुकान है। रोज की तरह मेरा भाई 9 सितंबर की रात 9 बजें दुकान को बंद करके घर आया। अगले दिन 10 सितंबर को सुबह 6 बजें अनिल ध्रुव ने फोन करके बताया कि आपके दुकान का ताला टूटा हुआ है। जानकारी मिलने पर बड़े भैया तरूण के साथ दुकान में जाकर देखे, दुकान के शटर का लॉक व ताला टूटा हुआ था। दुकान के अंदर घुसकर देखा तो फ्रीजर बडा वाला कीमत 25 हजार यपएं, दुकान में विभिन्न कंपनी के रखे गुटखा कीमत 1000 रूपएं के, सिगरेट 500 रूपएं , गुडाखू 200 रूपएं, चॉकलेट 200 रूपएं, बिस्किट 200 रूपएं, चिप्स और कुरकुरे 600 रूपएं कुल कीमत करीबन 27 हजार 700 रूपएं का समान अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया। मुझे जानकारी मिला है कि उसी रात ▶▶| शेष पेज 12 पर




## नारी सशक्तिकरण अभियान में महिलाओं को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

महिला केंद्रित विषयों पर 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। विशेष जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शाउमावि पोटगांव में किया गया। अभियान में बालिकाओं को उनके स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित विभिन्न जानकारियां जैसे खान-पान, शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए जरूरी पोषक तत्वों की आवश्यकता इत्यादि की जानकारी दी गई।

इसके साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181, घरेलू हिंसा, टोनही प्रताड़ना अधिनियम, नोनी सुरक्षा योजना, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम आदि योजनाओं के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दिया गया।

## नरहरपुर में 14 को ठाकुर जोहारनी समारोह की भव्य तैयारी, मुख्यमंत्री साय होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/सरोना

- विधायक नेताम, कलेक्टर क्षीरसागर ने आयोजन स्थल सेकंडरी स्कूल मैदान का किया निरीक्षण

आदिवासी संस्कृति और परंपराओं का गौरवशाली पर्व ठाकुर जोहारनी इस बार और भी विशेष होने जा रहा है। जिले के नरहरपुर ब्लॉक में स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान में इस पर्व के भव्य आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। खास बात यह है कि इस अवसर पर प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 14 सितंबर दिन रविवार को स्वयं उपस्थित होकर समाज के साथ इस परंपरागत पर्व की गरिमा को और बढ़ाएंगे। जानकारी के अनुसार दो दिन पहले विधायक आशाराम नेताम, कलेक्टर निलेश क्षीरसागर, सीईओ हरेश मंडावी एवं अन्य अधिकारी ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया था और संबंधित विभाग को तैयारी करने का निर्देश दिया था, उसी के तहत तैयारी शुरू हो गई है। कार्यक्रम स्थल नरहरपुर हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान में मंच निर्माण और साज-सज्जा का कार्य तेजी से चल रहा है। मंच को पारंपरिक रंग-रोगन और आदिवासी झलकियों से सजाया जा रहा है। आयोजन समिति ने बताया कि इस बार मंच पर समाज की सांस्कृतिक धरोहर को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा। मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम ▶▶| शेष पेज 12 पर



### प्रशासन भी जुटा तैयारी में



मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासनिक स्तर पर भी तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी सक्रियता से तैयारियों में जुटे हैं।

### समाज में उत्साह का माहौल

आदिवासी समाज के नरहरपुर ब्लॉक अध्यक्ष सगे सिंह वट्टी ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर समाज के बीच हर्ष और उत्साह का माहौल है। आदिवासी समाज के कलाकारों द्वारा पारंपरिक नृत्य, गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। खासतौर पर जोहारानी पर्व के पारंपरिक गीत गूंजेंगे, वहीं युवाओं और महिलाओं की टोली अपने पारंपरिक परिधान में सांस्कृतिक झांकी प्रस्तुत करेंगे।

## एक हजार जब्त, हाराडुला में पांच जुआरी गिरफ्तार



**कांकेर।** हल्बा चौकी पुलिस ने 10 सितंबर की रात पौने 1 बजें ग्राम हाराडुला पत्थरीपारा रोड में जुआ खेलने वाले 5 जुआरियों को पकड़ा। जुआरियों के कब्जे से नगद 950 रूपएं व तास पत्ती को जप्त किया गया। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिला था कि कुछ लोग हाराडुला में रूपएं पैसे का दाव लागकर तास पत्ती से जुआ खेल रहें है। पुलिस ने मामले कि तस्दीक किया और छापामार कार्यवाही करते हुए मौके से जुआरी 20 वर्षीय आकाश निषाद पिता नंदकिशोर निषाद, 18 वर्षीय राहुल यादव पिता टीकम यादव, 19 वर्षीय प्रमोद कुमार नाग पिता खेमलाल नाग, 19 वर्षीय परमेश्वर यादव उर्फ भजिया पिता हिरालाल यादव और 22 वर्षीय चन्द्रहास यादव उर्फ चंदू पिता कीर्तन यादव सभी हाराडुला निवासी को जुआ खेलते हुए पकड़ा गया। सभी जुआरियों के कब्जे से कुल 950 रूपएं, तास के 52 पत्ते एवं एक नग जला हुआ मोमबत्ती को जप्त कर धारा 3(2) जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## अवैध उत्खनन से नींव क्षेत्र हो रहा है खोखला

# महानदी सरोना पुल के ध्वस्त होने की आशंका रेत के अवैध उत्खनन से नींव हो रहा कमजोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

- ग्रामीणों की चिंता बढ़ी पर प्रशासन को नहीं परवाह
- रेत उत्खनन से हाराडुल पुल धस चुका है और आवागमन पूरी तरह है बंद



जिले के सरोना गांव में बहती महानदी अब अवैध रेत खनन का अड्डा बन गया है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह खनन सीधे पुल के नीचे किया जा रहा है। इससे पुल की संरचना बुरी तरह प्रभावित हो रही है और वह किसी भी वक्त गिर सकता है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग चुप्पी साधे हुए हैं। विदित हो कि पुल के पास रेत उत्खनन होने से हाराडुल पुल धंस चुका है और पूरी तरह से आवागमन बंद कर दिया गया है।

ग्रामीणों का साफ कहना है कि रेत माफिया पुल के नीचे से अवैध खुदाई कर रहे हैं, जो सीधे तौर पर संरचनात्मक खतरा पैदा कर रही है। इससे पुल की नींव खोखली हो रही है और कभी भी आपदा में यह पुल कभी भी ढह सकता है। न सिर्फ जानमाल का नुकसान होगा, बल्कि सरोना और आसपास के इलाकों का संपर्क भी टूट जाएगा। स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि इसकी जानकारी जिम्मेदार विभाग को है, परंतु आंखें मूंदे बैठे हैं। कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन ना तो छापा पड़ा, ना कोई कार्रवाई हुई। इससे लोगों में आक्रोश लगातार बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना ▶▶| शेष पेज 12 पर

### नहीं रुका अवैध खनन तो होगा आंदोलन

गांव के लोगों ने अब साफ शब्दों में कहा है कि खनिज अधिनियम और पर्यावरणीय नियमों के अनुसार, पुल और अन्य सार्वजनिक संरचनाओं के 500 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार का खनन पूरी तरह से प्रतिबंधित है। इसके लिए पर्यावरणीय मंजूरी, खनिज लीज और राजस्व अनुमति जरूरी होती है, जो यहां नहीं ली गई है। पुल के पास रेत का उत्खनन करने वाले तस्करों पर जिम्मेदार विभाग ने जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो वे आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि जब तक पुल सुरक्षित नहीं रहेगा, गांव की सुरक्षा खतरे में रहेगी।

## पति-पत्नी की फोटो वायरल करने की धमकी दी समझाने पर की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 121 जानकी नगर में पति एवं पत्नी के साथ युवक ने मारपीट किया। आरोपी युवक ने पति एवं पत्नी की फोटो चुपके से अपने मोबाइल में रख लिया। उक्त फोटो को वायरल कर देने की धमकी देते हुए परिवारिक जीवन को तहस नहस कर दूंगा की धमकी देने लगा। आरोपी को समझाया गया तो वह नही माना और मारपीट करने पर ऊतारू हो गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला पंजीबद्ध किया। पखांजुर थाना में शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 121 जानकी नगर निवासी 32 वर्षीय कार्तिक बैद्य ने पुलिस को बताया कि मेरे मोबाइल में फोटो था, जिसमें मै और मेरी पत्नी थे। उस फोटो को आरोपी अनूप मंडल अपने मोबाइल में ले लिया। आरोपी ने उसके बाद मेरी पत्नी को साथ आने और नहीं आएगी तो मैं जो मोबाईल में फोटो लिया हूं उसको वायरल कर दूंगा, तेरे पारिवारिक जीवन का तहस नहस कर दूंगा बोला था। मेरी पत्नी ने बताया, तब मैं 10 सितंबर को सुबह 8 बजें अनूप मंडल के घर गया, जो घर में नहीं मिला। मैने उसकी मां को बताया तुम्हारे लड़के को समझा देना, हमारे फोटो को कहीं वायरल नहीं करेगा। उसके बाद शाम 6 बजें अनूप अपने मां को लेकर हमारे ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### परेंकोड़ो में सर्कल स्तरीय गायता जोहारनी कार्यक्रम



**दुर्गुकोंदल।** छत्तीसगढ़ के कामेडियन एवं प्रसिद्ध सुपर स्टार अमलेश नागेश अपने आने वाली फिल्म दण्डा कोटूम कि आगामी तैयारी को लेकर गोड़ी धर्माचार्य शेर सिंह आंचला से मिलने ग्राम दमकसा जा रहे थे। उसी दरमियान परेंकोड़ो ग्राम में आयोजित गायता जोहारनी कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य देवलाल नरेटी द्वारा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आग्रह किया गया। इसी दौरान अमलेश नागेश गायता जोहरनी कार्यक्रम में कुछ वक्त के लिए शामिल भी हुए। गोड़ी धर्माचार्य दादा शेर सिंह आंचला ने बताया कि बस्तर जंगल अबुझमाड़ के विषय पर कहानी उनके द्वारा लिखा है। अबुझमाड़ के विषय पर फिल्म बन सकती है, जिसका किरदार अमलेश नागेश निभाएंगे और साथ ही आचला ने नारायणपुर अबूझमाड़ क्षेत्र का अमलेश नागेश के साथ दौरा कर आ चुके हैं।

### डीजे डांस स्पर्धा बीस को होगी

**दुर्गुकोंदल।** राज्य स्तरीय रिकॉर्डिंग डीजे डांस प्रतियोगिता में पहली बार छत्तीसगढ़ के मशहूर यूट्यूब चैनल सीजी मास्टर की पूरी टीम लकेश कुमार और ईक्कू अपने फैंस से मिलने हानपतरी आ रहे है। यह आयोजन 20 सितम्बर को होगा और इसे लेकर क्षेत्र में जबरदस्त उत्साह है। तीनों कलाकारों की लोकप्रियता को देखते हुए जेबीडी क्रिकेट क्लब हानपतरी ने आयोजन की तैयारियी में जुटी है।

### बंजारी माता मंदिर हाहालद्दी में नवरात्रि की तैयारी शुरू

**दुर्गुकोंदल।** आदि शक्ति बंजारी माता मंदिर हाहालद्दी दुर्गुकोंदल अंतर्गत शारदीय नवरात्र को लेकर मंदिर प्रांगण में मंदिर समिति के अध्यक्ष हरिश्चंद्र सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन कर नवरात्रि उत्सव मनाने को लेकर चर्चा की गई। शारदीय नवरात्र में मनोकामना ज्योति एवं मंदिर स्थल की साफ-सफाई लिपाई पुताई व अन्य कार्यक्रम के लिए चर्चा की गई। इस वर्ष मनोकामना जोत तेल के लिए 1101 रुपए निर्धारित की गई है। घट स्थापना 22 सितंबर पंचमी पूजा, 27 सितंबर अष्टमी हवन पूजा, 30 सितंबर पूर्णाहुति एवं विसर्जन 1 अक्टूबर को होगा। बैठक में समिति के अध्यक्ष हरिश्चंद्र सिन्हा, उपाध्यक्ष सावंत साहू, सचिव भूपेंद्र सिन्हा, सहसचिव गोवर्धन नरेटी, कोषाध्यक्ष सोहनलाल सिन्हा, सह कोषाध्यक्ष सुखचंद प्रजापति, सदस्य अनिल सिन्हा, राजेंद्र सिन्हा, मोहन सिन्हा, मनोहर मांझी जीवन सिंह एवं अन्य मंदिर समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### लापरवाही के कारण छात्रा हुई घायल

जगदलपुर। शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कार्यक्रम में अचानक सीलिंग फॉल्स गिरने से एक छात्रा को सिर पर चोट लग गई। अभाविप राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य बस्तर विभाग संयोजक शैलेष ध्रुव ने मीडिया को जारी किए गए बयान में आरोप लगाते कहा कि कांग्रेस के भूपेश सरकार के काल में सभागार को बाहर से सौंदर्यकरण किया गया,परंतु गुणवत्ताहीन कार्य हुआ था। पीजी कॉलेज के सभागार में किसी न किसी विषयों को लेकर प्रतिमाह कार्यक्रम हो रहे थे, सभागार में किसी भी प्रकार से क्षतिपूर्ण या सभागार की स्थिति खराब ऐसा प्रतीत नहीं हो रहा था। क्योंकि भूपेश बघेल की सरकार के समय ही पीजी कॉलेज के सभागार का जीर्णोद्धार किया गया था। कांग्रेस सरकार ने अपने ठेकेदारों को ईमानदारी का पाठ पढ़ाया होता तो आज सीलिंग फॉल्स नहीं गिरता और छात्रा बहन अस्पताल में नहीं होती।

### निधन

**विनय उइके**



**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के प्राथमिक शाला भूरकागुदुम के प्रधानपाठक जोहर उइके के सुपुत्र विनय पिंटू 10 सितबंर रात्रि आकस्मिक देहांत हो गया, जिनका अंतिम संस्कार काठी में उनके गृह ग्राम गोंडपाल में किया गया, जिसमें रिश्तेदार ग्रामवासी जन-प्रतिनिधि शामिल हुए।

---

**समारोह :** छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती वर्ष पर कालेज में हुआ समारोह

# युवा छत्तीसगढ़ विकसित छत्तीसगढ़ की ओर है अग्रसर : पार्षद संचेती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने पर ठाकुर भावसिंह कला एवं विज्ञान महाविद्याल नरहरपुर में रजत जयंती समारोह का आयोजन गया जिसमें मुख्य अतिथि पार्षद मुकेश संचेती, अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. लक्ष्मण शुक्ला ने किया।





मुख्य अतिथि की आसंदी से पार्षद ने कहा कि वर्ष 2000 में देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना की थी और आज हमारा छत्तीसगढ़ पच्चीसवे वर्ष में प्रवेश करने जा रहा है जिसे हम रजत जयंती के रूप में मना रहे हैं। निश्चित रूप से इन पच्चीस वर्षों में छत्तीसगढ़ ने अपनी उपलब्धियों को साकार करने में सफलता हासिल किया है और छत्तीसगढ़ आज विकासशील प्रदेश के रूप मे उभर रहा है जो कि हमारे लिए गौरव की बात है। छत्तीसगढ़ में विकास की अपार संभावनाएं हैं और विकसित छत्तीसगढ़ के लिए हम सभी को भी अपनी जवाबदारी तय करनी होगी कि हम छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ बनाने में अपना क्या योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य ने कहा कि छत्तीसगढ़ अब युवा अवस्था में आ चुका है और हम सभी की भागीदारी भी अब छत्तीसगढ़ के उन्नति के लिए महत्वपूर्ण हो गई है। भाजपा कार्यकर्ता जसराज चोपड़ा ने भी सभी को छत्तीसगढ़ के पच्चीस वर्ष होने पर शुभकामनाएँ दी।

इस अवसर पर पूर्व छात्र छात्राओं को भी आमंत्रित किया गया था साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर देवानंद साहू, देवेंद्र सिहासर, मुकेश नेताम, पुरुषोत्तम यादव, कीर्ति साहू, रेहाना शेख, सहज साहू, दुर्गेशवरी चन्दवंशी, पूनम शोरी, नरोत्तम कौशिक सहित महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ एवं छात्र छात्राए उपस्थित रहे।

---

## गणेश विसर्जन के बाद भाजपा ने की अलबेलापारा तालाब की सफाई





**कांकेर।** शहर में गणेश विसर्जन के पश्चात भारतीय जनता पार्टी द्वारा शहर के माहुरबन्दपारा व अलबेलापारा तालाब में सफाई अभियान चलाया गया। सफाई अभियान का नेतृत्व कांकेर के लोकप्रिय विधायक आशाराम नेताम, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन व नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक ने किया। कांकेर शहर में वर्षो से तालाबों का उपयोग निस्तारी के लिए सदैव से सभी वर्ग करते आ रहा है। तालाबों कि साफ-सफाई, सौन्दर्यीकरण हमेशा से भाजपा के लिए प्रथमिकता रही है । इसी उद्देश्य को लेकर गणपति विसर्जन के तुरन्त पश्चात तालाबों में सफाई अभियान चलाया गया, जिससे तालाब स्वच्छ व सुन्दर हो, उपयोग लायक बना रहे। विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि गणेश विसर्जन के उपरांत जो तालाब में मूर्ति के अवशेष थे, उनको निकालने का प्रयास किया और प्रयास सफल भी रहा। शहर के तालाब स्वच्छ बनें रहे, इसके लिए भाजपा के सभी पदाधिकारियों ने मिलकर इस काम को अंजाम दिया। नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक ने कहा कि तालाब की साफ रखना हमारी सभी की जिम्मेदारी है, उसी के तहत यह अभियान चलाया गया। भाजपा के जिलाध्यक्ष महेश जैन ने भी कहा कि भाजपा सदैव इस तरह के अभियान चलाती रहती है। इस अवसर पर भाजपा के पार्षदगण एवं भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

## मुआवजा, पुनर्वास राहत समय में जरूरी : चांद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों को मुआवजा एवं अन्य जनहित से जुड़े मुद्दों के मांगों को लेकर बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक नवनीत चांद मोर्चा के पदाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में अपर कलेक्टर सीपी बघेल को ज्ञापन सौंपा। कहा गया कि मुआवजा, पुनर्वास, राहत कार्यों के साथ प्रभावित लोगों को मुख्य धारा से जोड़ना समय के साथ जरूरी है ।

सैकड़ों परिवारों के घर पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं। इसलिए प्रत्येक परिवार को पांच लाख रुपये मुआवजा प्रदान किया जाए।

ज्ञापन में कहा गया कि बाढ़ से कई पुल और पुलिया जो पिछले 6 महीने या 1 वर्ष में बने थे, बह गए हैं। इन निर्माण की गुणवत्ता पर प्रश्नचिह्न लगाता है। अतः मांग करते हैं कि इस पर समिति गठित कर तत्काल जांच कराई जाए और दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए।

■ **बाढ़ प्रभावित लोगों को मुआवजा देने मुक्ति मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन**

शहर के बीचों-बीच लगभग 15000 वर्गफुट भूमि को एक समाज को लीज पर देने की प्रक्रिया चल रही है। इस भूमि का उपयोग यदि बेरोजगार युवाओं को दुकानों हेतु उपलब्ध कराया जाए तो अनेक परिवारों को आजीविका का साधन मिल सकता है। इस विषय पर पुनर्विचार कर यह भूमि युवाओं और आम नागरिकों के हित में आवंटित की जाए। उन्होंने कहा है कि ज्ञापन सौंप कर प्रशासन से कार्यवाही की मांग की गई है। इस दौरान आकाश जान, निहारिका सिंह, प्रिया यादव, अलका नादन, नीलांबर भद्रे, कमल बघेल, कृष्ण कुमार, धन सिंह बघेल, मेहताब सिंह, हिमांशु आनंद गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

## आबकारी एक्ट के तहत दो कोचिया गिरफ्तार

**कांकेर।** थाना कांकेर पुलिस ने शहर के सुभाष वार्ड और बाजारपारा में छापामार कार्यवाही करते हुए दो व्यक्ति को धर दबोचा और उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। कांकेर पुलिस ने 10 सितंबर को शाम 6 बजें सुभाष वार्ड के बर्फ फैक्टरी के पास आरोपी सुभाष वार्ड कांकेर निवासी 28 वर्षीय कृष्ण कुमार यादव अपने कब्जे में थैला के अंदर 14 पौवा प्लेन शराब को रखा हुआ था। आरोपी के कब्जे से शराब को अवैध रूप से बेचने के लिए रखा था और ग्राहक की तालाश में था। कब्जे से शराब और नगद 200 रूपएं को जप्त कर धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पण्डारीपानी के पास सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने की जानकारी पुलिस को मिली। मामले की तस्दीक कर कांकेर पुलिस ने 10 सितंबर को शाम साढ़े 7 बजें छापामार कार्यवाही करते हुए आरोपी बाजारपारा कांकेर निवासी 43 वर्षीय योगेश कुमार रामटेके को पण्डरीपानी सार्वजनिक स्थल पर शराब का सेवन करते हुए पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



---

## सेवनिवृत प्राचार्य को शाल और श्रीफल भेंट कर दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

विकासखंड कांकेर अंतर्गत ग्राम मोदे के शाउमावि से सेवानिवृत हुए प्राचार्य चैतराम गावड़े को ग्रामीणों ने विदाई समारोह का आयोजन का सम्मान पूर्वक विदाई दिया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने कहा कि सेवानिवृत प्राचार्य ने अपने कार्यकाल के दौरान छात्रों व ग्रामीण जन के हित में, समर्पित भाव से अनेक उत्कृष्ट, सराहनीय किए। छात्र छात्राएं के उज्ज्वल भविष्य निर्माण के सुबह 4 बजे से गांव के गलियों में सीटी बजा कर उठाना, उन्हें योगाभ्यास करने के बाद पढ़ाई के लिए प्रेरित करना, गांव में जाति, धर्म, भेदभाव की असमानता को दूर करना, शाला परिसर में वृक्षारोपण कर फलदार पौधा लगाना, साजसज्जा के साथ बागवानी गार्डन बनाना, ग्रामीण युवकों को विभिन्न गतिविधियों में शामिल करना, छात्रों को खेलकूद, एनसीसी एवं विज्ञान प्रदर्शनी के लिए मार्गदर्शन तथा ग्रामीण जन को विद्यालय से जोड़ कर सही राह पर चलने के लिए प्रेरित करना आदि कार्यों को ग्राम मोदे में हमेशा याद रहेगा। समस्त ग्रामवासी द्वारा सेवानिवृत प्राचार्य को श्रीफल व शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। सेवानिवृत प्राचार्य ने उपस्थित ग्रामीण जन से कहा कि सभी ने मुझे मेरे कार्यकाल में प्यार, स्नेह और आर्शीवाद मिला वह मुझे जीवन भर याद रहेगा। मेरे कार्यकाल के दौरान मेरी बातों से प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से किसी को ठेस पहुंची हो तो क्षमा चाहता हूं आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं। इस विदाई समारोह में प्रमुख रूप से ग्राम पटेल रमेश सलाम, उप सरपंच सुखदेव तारम, पूर्व सरपंच सहाबती रावटे, युवा मंडल अध्यक्ष बाजूराम गोटा, कंवल नेताम, घासी राम कुमेटी, देव पुजारी पावे, सियान पंचम रावते, बीनू मंडावी, राजकुमार कांगे, अंकालू राम पंच, भागवत तेता, विवेक कुमार रावटे, कांति यादव, गोमती सलाम ,कांति जूरी ,कमल सलाम ,प्रियंका सलाम ,चंचल सलाम , मनोज पटेल सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।



---

## 35 वन कर्मियों को शहीद दिवस पर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



वन विभाग 11 सितंबर को पूरे भारत वर्ष में वन शहीद दिवस मनाया गया। इस तारतम्य

राष्ट्रीय वन शहीद दिवस के अवसर पर जगदलपुर वृत्त कार्यालय जगदलपुर के प्रांगण में वीरों को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने हमारे जंगलों, वनों और वन्यजीवों की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया है। वन शहीदों ने अपनी जान की परवाह किए बिना अवैध शिकार, वनों की कटाई और अन्य अवैध गतिविधियों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उन्होंने पारिस्थितिकी तंत्र को बचाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वनों की सुरक्षा और संरक्षण हमारे भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। वनों से हमें ऑक्सीजन मिलती है, जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में मदद मिलती है और वन्य जीवों के लिए आवास मिलता है। आज के दिन उन वन शहीदों को याद करते हैं जिन्होंने अपने जीवन को वन संरक्षण के लिए समर्पित कर दिया। वनों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए काम करें। वन शहीदों के बलिदान को याद करें और उनकी याद में वृक्षारोपण करें। सब मिलकर वनों को बचाएं और आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य बनाएं।

■ **वन कर्मियों ने वनों, वन्य जीवों की रक्षा के लिए दिया प्राणों का बलिदान**

### सीएम व वन मंत्री से की मांग

राष्ट्रीय मीडिया सचिव आल इंडिया फॉरेस्ट वाइल्ड लाईफ एवं बस्तर संभागी अध्यक्ष अमित कुमार झा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप से मांग की कि जिस तरह तेलंगाना राज्य में वन की रक्षा करते हुए शहीद हुए कर्मचारियों को एक करोड़ की राशि एवं उनके बच्चों को 12 वीं कक्षा तक की पढ़ाई निःशुल्क देती है वैसे ही योजना छत्तीसगढ़ राज्य में भी प्रारंभ किया जाए।

---

## आत्मीय स्वागत...



**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आज मां दंतेश्वरी हवाई अड्डे पर आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री के साथ उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, सांसद महेश कश्यप, प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, सचिव राहुल भगत पहुंचे हैं। हवाई अड्डे पर विधायक किरण देव, विनायक गोयल, महापौर संजय पांडेय, पूर्व विधायक डॉ सुभाऊ कश्यप सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदर राज पी., कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने मुख्यमंत्री और मंत्रियों का स्वागत किया।

---

## नगरनार मंडल में सेवा पखवाड़ा पर दी गई जानकारी

जगदलपुर। भारतीय जनता पार्टी नगरनार मंडल के ग्राम मारकेल में आज सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे प्रदेश प्रवक्ता शिवनारायण पाण्डे ने उद्बोधन में सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर 2 अक्टूबर के सम्बन्ध में स्वच्छता अभियान,एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, दिव्यांग और विशिष्ट अतिथियों का सम्मान में विस्तार से बताया । इस दौरान मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सेठिया, उपाध्यक्ष शिमांचल दास, लालाराम पटेल, मोहन सेठिया, सविता साहनी, सुनीता बेसरा , संगीता महाराणा, महामंत्री राजेश शर्मा, मनोज पटेल, सुरेश ठाकुर, जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग ,पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रदीप देवांगन, पूर्व मंडल अध्यक्ष अर्जुन सेठिया, घनश्याम सेठिया, कल्याण ठाकुर, तुलसीराम देवांगन, राधेश्याम पंन्द्रे, रघुराम सेठिया, जनपद सदस्य शिर्ति शर्मा, सरपंच जयंती कश्यप, महादेव बाकडे,मोरध्वज सेठिया, जितेंद्र बाकडा, महेंद्र बघेल, नारायण ठाकुर, सूरज नाग, लक्ष्मी घरत, तुलाराम सेठिया, गंगाराम आदि उपस्थित रहे ।



---

## दशहरा में तैयारी को लेकर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर दशहरा के आवश्यक तैयारी एवं व्यवस्था के संबंध में जिला कार्यालय में बैठक की गई । जिसमें दशहरा समिति के अध्यक्ष एवं सासंद महेश कश्यप, वन मंत्री केदार कश्यप, विधायक किरण सिंह देव, बस्तर माटी पुजारी कमलचंद भंजदेव, ब्रेवरेज कारपोर्शन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, विधायक विनायक गोयल,चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, महापौर संजय पांडेय, कमिश्नर डोमन सिंह, आई जी सुंदरराज पी सहित सातों जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे ।



---

## पेज 11 के शेष

### नरहरदेव मैदान पर...

में केवल एक ही मैदान खेलने के लिए है, परंतु इस मैदान को भी बर्बाद करने के लिए षडयंत्र किया जा रहा है। दस दिनों से मवेशियों के पहुँचने से खेल मैदान में केवल गोबर ही नजर आ रहा है। खिलाड़ियों का कहना है कि शहर के कई गणमान्य नागरिक सुबह सुबह मार्निंग वाक के लिए आते है और इस समस्या से स्वंय रूबरू होते है, परंतु इसे रोकने के लिए किसी भी तरह की पहल इन दस दिनों में नहीं किया गया है।

### विवाद और धमकी...

ने पुलिस को बताया कि 9 सितंबर को दोपहर 1 बजें अपने घर के दरवाजा के पास खड़ी थी। उसी समय गांव का खिलेश सिन्हा शराब के नशे में मेरे घर के पास आया। मुझे देखकर गाली देने गला। गाली देने से मना कि तो मेरे साथ लड़ाई झगड़ा करने लगा। आरोपी खिलेश बोला कि तू मेरा क्या कर लेगी और जान से मारने की धमकी दिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी खिलेश सिन्हा के खिलाफ धारा 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### तीन दुकानों ...

को देवरी कटिंग के पास मुरडोंगरी निवासी मनीष मंडावी पिता भाग सिंह मंडावी दुकान से तेल टीन 1 नग 1500 रूपएं, बिस्किट व चॉकलेट 200 रूपएं, कुरकुरे, चिप्स, टिकटाक, गुडाखू, सिगरेट, एवं विभिन्न कंपनी के गुटखा कीमत करीबन 1 हजार रूपएं, दाल 500 रूपएं, बेसन 500 रूपएं, शक्कर 150 रूपएं कुल कीमत 3 हजार 850 रूपएं व समतरा निवासी बिदे राम मरकाम पिता छन्नू राम के दुकान का ताला को तोड़कर दुकान में रखे सामान फ्रिज कीमत 10 हजार रूपएं, दाल 500 रूपएं, बेसन 250 रूपएं, दुकान का अन्य कई सामान एवं नगदी 1200 रूपएं कुल कीमत 16 हजार 560 रूपएं की चोरी हुई है। तीनो दुकान से चोरी हुए सामान की कीमत करीबन 48 हजार 110 रूपएं है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305, 331 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### नरहरपुर में 14...

में शामिल होने से पूरे आदिवासी समाज में उल्लास और उमंग का वातावरण है। बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिला मंडल और युवा संगठन कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने की तैयारी कर रहे हैं।

### महानदी सरोना पुल...

है कि रात-दिन 16 से 17 ट्रैक्टर की मदद से रेत माफिया पुल की नींव से रेत निकाल रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि स्थानीय स्तर पर विरोध किया जाता है तो रेत का उत्खनन करने वाले विवाद करते रहते है।

### पति-पत्नी की...

घर आया। तब मैने उसे बोला, मेरे घर रहता था, ऐसा काम क्यूं कर रहा है। इतने में अनूप मंडल आवेश में गया और गाली देने लगा। जान से मारने की धमकी देते हुए मेरी पत्नी को हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा। बीच बचाव करने गया तो मुझे भी अनूप ने हाथ मुक्का से मारपीट किया, जिससे मेरे सिर में चोट आया व खून निकलने लगा। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

**खबर संक्षेप**

## एक पेड़ मां के नाम में किया पौधरोपण



**भानपुरी।** हायर सेकंडरी स्कूल फरसागुड़ा में एक पेड़ मां के नाम के साथ पौधरोपण किया गया। जिसमें संस्था के प्राचार्य विकास पाठक,घनश्याम पांडे सहित इको क्लब के सदस्य उपस्थित थे।

## वोट चोरी शब्द असंसदीय भाषा का प्रतीक : राहुल

**दंतेवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी राहुल असरानी ने कांग्रेस नेताओं द्वारा लगातार वोट



चोरी शब्द का इस्तेमाल करने पर अपना ऐतराज जताते हुए कहा है कि कांग्रेस की डिक्शनरी में शुचितापूर्ण संसदीय शब्दों का अभाव है। कांग्रेस हमेशा ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करती है, जिनका जुड़ाव कहीं न कहीं असंसदीय भाषा से होता है। उन्होंने कहा कि हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों में एक है और हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों का वैश्विक सम्मान है और कांग्रेस ऐसे वोट चोरी शब्द का इस्तेमाल करके हमारी लोकतांत्रिक शक्तियों पर सवाल खड़ा करके ओछी राजनीति कर रही है।

## समृद्धि को बेस्ट मेकअप आर्टिस्ट का मिला अवार्ड



**गीदम।** दन्तेवाड़ा जिले के गीदम नगर में रहने वाली ईवी मेकओवर की संचालिका समृद्धि सौरभ पारख को इंडियन एक्सलेंस अवार्ड से नवाजा गया। आयोजित कार्यक्रम में समृद्धि को बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी, जरीन खान एव ब्राजील के मशहूर मेकअप आर्टिस्ट अलकंतरा के द्वारा बेस्ट मेकअप आर्टिस्ट का अवार्ड दिया गया। इस उपलब्धि के बाद स्थानीय लोगों ने समृद्धि को बधाई दी है। समृद्धि बताती है कि इस सफलता का श्रेय वह अपने पति सौरभ पारख, भतीजे यश पारख अपने परिवार एव ईवी मेकओवर की पूरी टीम को देती है, उनके सहयोग और विश्वास के बिना यह सफलता सम्भव नही थी। समृद्धि ने गीदम नगर में पिछले 11 वर्षो पहले इवी मेकओवर की नींव रखी और मेहनत एव लग्न से कई मुकाम हासिल किए, जिसमे मुंबई में प्रसिद्ध मेकअप गुरु अनुराग आर्यवर्धन एव बॉलीवुड आइकॉन माधुरी दीक्षित के हाथों इंडियन एक्सलेंस आवार्ड से सम्मानित हुई।

## शिक्षक ने साबुन बैंक को किया सहयोग



**भोंड।** बस्तर विकासखण्ड के मावलीगुड़ा के सहायक शिक्षक उमाशंकर साहू ने अपने जन्मदिन को सामाजिक समर्पण के रूप में मनाते हुए, प्राथमिक शाला मावलीगुड़ा में संचालित साबुन बैंक को 50 लाइफबॉय साबुन, एक बाल्टी और एक मग डोनेट किया।

# वन विभाग के शहीद कठिन परिस्थितियों में कर्तव्य को सर्वोपरि मानते बलिदान दिया: जाधव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग दंतेवाड़ा द्वारा आज राष्ट्रीय वन शहीद दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस

■ वन शहीद दिवस पर एक पेड़ शहीदों के नाम कार्यक्रम हुआ

अवसर पर जिले के समस्त वन अधिकारी, कर्मचारी एवं कार्यालयीन स्टाफ ने उपस्थिति दर्ज कराते हुए वीरगति को प्राप्त शहीद वनकर्मियों को श्रद्धांजलि दी। हर वर्ष 11 सितम्बर को मनाया जाने वाला यह दिवस उन वनकर्मियों की स्मृति को समर्पित है जिन्होंने वनों और प्राकृतिक संपदा की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया। इस बार दंतेवाड़ा वनमंडल के शहीद वनकर्मी स्व. रामेश्वर पांडे, स्व. हरिबंदु वनपाल, स्व. जगदीशचंद्र मरकाम वनरक्षक, स्व. व्हीपी शास्त्री वनपाल, स्व. अंगलपल्ली पांडू वनपाल तथा स्व. रथराम पटेल वनक्षेत्रपाल को नमन किया गया।

कार्यक्रम में पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद एक पेड़ शहीदों के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया गया। यह पहल शहीदों की स्मृति को जीवित रखने और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को आगे बढ़ाने का प्रतीक बनी। मुख्य अतिथि वनमंडलाधिकारी दंतेवाड़ा डॉ. सागर जाधव ने अपने संबोधन में कहा वन विभाग के शहीद हमारे लिए गौरव और प्रेरणा हैं। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी कर्तव्य को सर्वोपरि मानते हुए बलिदान दिया। पौधरोपण केवल श्रद्धांजलि नहीं बल्कि यह संकल्प है कि उनकी यादें हरियाली के रूप में सदैव जीवित रहेंगी।

इस अवसर पर उपवनमंडलाधिकारी गीदम व्हीएन नाग, समस्त परिक्षेत्र अधिकारी, वन कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष राजेश कर्मा एवं विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने शहीदों के योगदान को अविस्मरणीय बताते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में नागरिकों से अपील की गई कि वे भी पेड़-पौधे लगाकर और उनकी देखभाल कर शहीदों के सपनों को साकार करने में सहभागी बनें।

### बच्चों ने किया टीमवर्क व तर्कशक्ति का प्रदर्शन

# गणित बना रोचक और आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



आस्था विद्या मंदिर जवांगा में आयोजित 5 दिवसीय साइंस कैम्प के तीसरे दिन के आयोजन उत्साह और जोश से सम्पन्न हुआ। इस दिन की थीम गणित का मज़ा खेल और मॉडल के साथ रही। बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों और प्रयोगों के माध्यम से यह अनुभव किया कि

■ विद्यार्थियों ने गणित को समझने का नया अनुभव प्राप्त किया

गणित केवल संख्याओं और सूत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि खेल, मॉडल और जीवन की हर परिस्थिति में उसका रोचक स्वरूप दिखाई देता है।

आज के सत्रों में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कुआकोंडा तथा पीएमश्री पोटाकेबिन गुमड़ा, गीदम के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी की। उन्होंने पूरे उत्साह के साथ गतिविधियों में हिस्सा लिया और गणित को समझने का नया अनुभव प्राप्त किया। प्रथम सत्र कक्षा 6-8 में बच्चों ने ₹जो दिखता है वह हमेशा सच नहीं होता जैसी मजेदार एक्टिविटी, पहाड़ा बिना गुणा करने की विधि, त्रिभुज और चतुर्भुज के कोणों का योग सिद्ध करना, आयत व त्रिभुज का क्षेत्रफल निकालना तथा ए+बी के सूत्र को पेपर कटिंग के माध्यम से समझा। इसके अलावा बच्चों ने पेपर ट्यूब और प्रोट्रैक्टर की मदद से अल्टीमीटर बनाकर ऊँचाई नापना सीखा और जूतों के माप से उम्र बताना जैसी मनोरंजक गतिविधि भी की। द्वितीय सत्र कक्षा 9-12 में छात्रों ने प्राकृतिक संख्याओं के योग को ग्राफ पेपर से सिद्ध किया तथा प्लेट और धागे का उपयोग कर पाई का मान निकालने का प्रयास किया।

साथ ही गणित का उपयोग रसायन विज्ञान के समीकरण संतुलन में कैसे किया जा सकता है, यह भी प्रदर्शित किया गया। सत्रों के अंत में क्विज़ प्रतियोगिता एवं मेडल वितरण किया गया। इसमें बच्चों ने प्रतिस्पर्धात्मक भावना, टीमवर्क और तर्कशक्ति का शानदार प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर से वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी सुश्री प्रज्ञा कदम समन्वयक साइंस कैम्प ने कहा गणित को रोचक और आनंददायक तरीके से प्रस्तुत करना ही इस सत्र का उद्देश्य रहा। जब बच्चे सूत्रों और सिद्धांतों को खुद प्रयोग करके सीखते हैं, तो उनमें आत्मविश्वास और वैज्ञानिक दृष्टिकोण स्वतः विकसित होता है।

### कोणों का योग निकालना अब आसान

छात्रा महिमा नेगी और सोनी मरकाम कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कुआकोंडा ने कहा मुझे यह अनुभव बहुत अच्छा लगा। त्रिभुज का क्षेत्रफल और कोणों का योग निकालना अब मेरे लिए बहुत आसान हो गया है। सर ने हमें खेल-खेल में गणित समझाया, जिससे डर नहीं लगा और सीखना मजेदार बन गया। कैम्प का चौथा दिन कंप्यूटर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर केन्द्रित रहेगा। बच्चों ने तकनीकी गतिविधियों और खेलों के माध्यम से न केवल कंप्यूटर प्रोग्रामिंग के मूलभूत सिद्धांतों को समझा बल्कि एआई और मशीन लर्निंग की प्रारंभिक अवधारणाओं से भी परिचित हुए।

## भूरसुंडी उच्च प्राथमिक शाला का निरीक्षण



भोण्ड। भोण्ड विकासखंड बस्तर के अंतर्गत बस्तर डाइट के शिक्षक बेनूराम, भाजी राम द्वारा उच्च प्राथमिक शाला भुरसुंडी का निरीक्षण यिा गया। इस अवसर पर शिक्षकों ने विद्यालय में बच्चों की अभिव्यक्ति कौशल, शैक्षणिक उपलब्धियों एवं सीखने की स्थिति का अवलोकन किया। इस दौरान बच्चों से सीधा संवाद कर उनकी समझ, रचनात्मकता और शैक्षिक प्रगति की जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही कक्षा-कक्ष की गतिविधियों एवं शिक्षकों के शिक्षण विधियों पर भी ध्यान दिया गया। बच्चों ने खुले मन से प्रश्नों के उत्तर दिए और अपनी सीखने की प्रक्रिया को साझा किया, जिससे उनकी अभिव्यक्ति क्षमता स्पष्ट रूप से सामने आई। निरीक्षण टीम ने शिक्षकों को बच्चों में अभिव्यक्ति कौशल को और अधिक विकसित करने के लिए प्रेरित किया तथा छात्रों को भी नियमित अभ्यास और सहभागिता हेतु उत्साहित किया। विद्यालय स्टाफ एवं छात्रों के बीच संवाद की यह पहल शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार की दिशा में एक सराहनीय प्रयास के रूप में देखी जा रही है।

## योजनाओं की समीक्षा करते कार्यो में प्रगति लाने के दिए निर्देश



हरिभूम न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विभागीय योजनाओं एवं विकास कार्यो की विस्तृत समीक्षा करते हुए विभागवार कार्यो की प्रगति की जानकारी ली तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति

■ कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

लाने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में नियद नेल्लानार गांवो के कैम्प नोडल को आवश्यक जानकारियों को सतत रूप से अद्यतन करने सहित शतप्रतिशत सैचुरेशन के लिए निर्देशित किया गया जिसमें जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित जाति, निवास, आधार कार्ड, हितग्राहियों के बैंक खाता की जानकारी ली। उक्त गांवो में बिजली, पानी, सड़क, स्कूल, आंगनबाड़ी जैसे अद्योसंरचना के प्रगति के बारे में विभागवार जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मुआवजा, आरबीसी 6-4 सहित राहत शिविर तथा बाढ़ में क्षतिग्रस्त मकानों के लिए आवास निर्माण की प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा। स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, जल-जीवन मिशन, विद्युत विभाग सहित सभी महत्वपूर्ण विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता चैबे, अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण, सभी अनुभाग के एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, सीएमओ नगरीय निकाय एवं तहसीलदार उपस्थित थे।

# मंदिर परिसर क्षेत्र बना नशेड़ियों का ठिकाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली





बचेली थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध राम मंदिर जो कभी भक्तों के लिए शांति और अध्यात्म का केंद्र था। आज नशेड़ियों के अड्डे में तब्दील हो गया है। यह चिंताजनक स्थिति पिछले कई दिनों से जारी है, जिसे स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं में चिंता पैदा कर दी है।

मंदिर के पुजारी कृष्ण कुमार कर ने बताया मंदिर के आसपास का क्षेत्र जो कभी पवित्र अनुष्ठानों के लिए समर्पित थी आज नशेड़ियों का ठिकाना बन गई है। ये लोग दिन भर यहां बैठ कर नशे का सेवन करते है। जो न केवल मंदिर की पवित्रता को भंग करता है बल्कि आने वाले भक्तों विशेष कर महिलाओं की सुरक्षा को भी खतरे में डालता है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुजारी ने थाने में भी शिकायत की पुलिस द्वारा नियमित चक्कर लगाये जाने पर कुछ दिनों के लिए नशेड़ियों के आवागमन में विराम लग जाता है, फिर स्थिति जस का तस बन जाता है।

# नगर सेना में चयनित हुए 9 छात्र, कलेक्टर ने सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



जिला प्रशासन द्वारा संचालित सक्षम कोचिंग ने एक बार फिर विद्यार्थियों को सफलता दिलाकर यह साबित कर दिया कि सही मार्गदर्शन और समर्पित प्रयास से बड़े बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। कोचिंग में अध्ययन कर रही 9 छात्राओं का चयन नगर सेना में हुआ है, जिन्हें लेकर पूरे जिले में उत्साह का माहौल है।

सक्षम कोचिंग के नोडल अधिकारी विरूपाक्ष पौराणिक के नेतृत्व में छात्रों को नियमित अध्ययन सामग्री, मार्गदर्शन और प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार प्रशासन के अधिकारी स्वयं कोचिंग में जाकर पढ़ाते हैं, जिससे छात्रों को बेहतर शिक्षा और कैरियर मार्गदर्शन मिल रहा है। इसके साथ ही कोचिंग में लाइब्रेरी की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, ताकि छात्र अध्ययन में आवश्यक संसाधनों का उपयोग कर सकें और अपनी तैयारी को और सशक्त बना सकें। चयनित छात्राओं ने जब कलेक्टर से भेंट की, तो उन्होंने सभी चयनित छात्राओं को सफलता पर बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। कलेक्टर ने कहा कि सक्षम कोचिंग जैसी पहल से युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलता है। यह प्रशासन की प्रतिबद्धता है कि प्रत्येक छात्र को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए।

# 16 आदिवासी युवा तकनीकी प्रशिक्षण के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल




किरंदुल कॉम्प्लेक्स के रवीन्द्र नारायण अधिशासी निदेशक के निर्देशन एवं केएल नागवेणी उप महाप्रबंधक मानव संसाधन के मार्गदर्शन से एनएमडीसी सीएसआर कार्यक्रम के तहत एवं सेंट्रल इंस्टीट्यूट आफ पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सीपेट के सहयोग से दंतेवाड़ा, बीजापुर एवं सुकमा जिले के अनुसूचित जनजाति के 16 युवाओं को स्कील डेवलपमेंट ट्रेनिंग हेतु हैदराबाद प्रशिक्षण तृतीय चरण में बस से आज रवाना किया गया। इससे पहले परियोजना प्रबंधन द्वारा दो चरणों में युवाओ को भेजा जा चुका है।

प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को प्लास्टिक और पालिमर प्रौद्योगिकी में तकनीकी शिक्षा, ट्यूशन, प्रशिक्षण, आवास, भोजन इत्यादि निःशुल्क दिया जाएगा। यह कार्यक्रम जनजाति युवाओं को उद्योग प्रासंगिक कौशल प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## हितग्राहियों से चर्चा कर आवास निर्माण में आ रही समस्याओं का कर रहे निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



बीजापुर जिले की ग्रामीण क्षेत्रों में सुदूर बसाहट और प्रधानमंत्री आवास निर्माण में आवश्यक सामग्री की उपलब्धता सहित हितग्राहियों को निर्माण में आ रही समस्याओं से अवगत होकर निराकरण हेतु जिला प्रशासन एक रणनीतिक पहल की है। कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता चैबे ने पीएम आवास के निर्माण में प्रगति लाने ग्राम पंचायत वार नोडल नियुक्त किए गए हैं।

जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 9,721 आवासों की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिन्हें जल्द पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, ताकि वंचित और जरूरतमंदों को उनके सपनों का आशियाना मिल सके। इस पहल के बाद नोडल अधिकारी एवं तकनीकी अमले अपने आबंटित ग्राम पंचायत में जाकर प्रत्येक हितग्राही से आवास निर्माण में आ रही समस्याओं की जानकारी लेते हुए समाधान हेतु कार्यवाही भी कर रहे हैं। जिले में सुदूर बसाहट के चलते निर्माण सामग्री की उपलब्धता, आवास निर्माण हेतु राजमिस्त्री, हितग्राहियों को समय पर राशि भुगतान में आ रही तकनीकी समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण हो पा रहा है।

## शिक्षिका ने बच्चों को कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



बस्तर विकासखंड के अंतर्गत माध्यमिक शाला सोरगांव में पदस्थ शिक्षिका लमिता मौर्य ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर बच्चों को न्योता भोज कराया। शिक्षिका पहले जन्म दिवस का उत्सव सहेली-मित्रों संग मनाती रही हैं, किंतु इस वर्ष संस्था प्रमुख देवेंद्र सिंह चौहान से प्रेरणा लेकर उन्होंने अपने विद्यालयीन बच्चों के बीच यह दिन मनाने का निर्णय लिया। न्योता भोज से पूर्व बच्चों को मिष्ठान वितरण किया गया।

भोजन में बच्चों को अंडा एवं पनीर की सब्जी परोसी गई। इस अवसर पर बच्चों ने हर्षोल्लास के साथ जन्म दिवस मनाया और शिक्षिका के इस कदम की सराहना की। कार्यक्रम में बस्तर खंड शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन, सोरगांव के सरपंच शशिधर भारती, संकुल समन्वयक डमरू दास पंत, सालेमेटा संकुल समन्वयक परमेश्वर ठाकुर, तथा संस्था के शिक्षक रमेश बघेल, चम्पेश्वर पाण्डेय, भूपेंद्र मरकाम सहित संकुल परिवार के सभी शिक्षक उपस्थित रहे। शिक्षिका की इस प्रेरणादायी पहल को सभी ने सराहनीय और अनुकरणीय बताया।

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**-: विवाह सूचना का प्रकाशन:-**

क्रमांक क/ /वाधक/अति-कले/2025.

बिलासपुर, दिनांक 09.09.2025

श्री विनोद कुमार मंडावी आत्मज स्व० भारत राम मंडावी (श्रीमती शांति बाई) उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम बड़ेपारा डुमाली पो. डुमाली थाना व तहसील कांकेर जिला कांकेर छ.ग.

एवं

कुमारी श्वेता रानी ध्रुव आत्मजा श्री नरेन्द्र सिंह ध्रुव उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम पो. बिल्हा, महात्मा गांधी चौक वा.क्र. 05 थाना व तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति / दावा इस कार्यालय में दिनाँक 16.10.2025 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



**ज्योति पटेल**
**अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ०ग०)**

# जर्जर विद्यालय बना खतरनाक, छात्रों की पढ़ाई पर संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा/ बस्तर



विकासखंड बस्तर के अंतर्गत ग्राम पंचायत घाटलोहंगा में संचालित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का भवन जर्जर हालत में पहुंच चुका है। छत से आए दिन प्लास्टर झड़ने और दीवारों में दरारें पड़ने से छात्र-छात्राओं में भय का माहौल बना हुआ है। किसी भी समय बड़ा हादसा होने की

■ विद्यालय की स्थिति को लेकर विभाग को कई बार अवगत कराया गया

आशंका जताई जा रही है।

विद्यालय प्राचार्य द्वारा इस गंभीर स्थिति की जानकारी कई बार पत्र के माध्यम से खंड शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी और विभागीय अधिकारियों को दी गई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। पूर्व सरपंच डमरूधर बघेल ने कहा कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की स्थिति को लेकर विभाग को कई बार अवगत कराया गया है, लेकिन शासन-प्रशासन के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है।

वहीं बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा वर्तमान शासन तो स्कूल या स्कूल भवन जैसे महत्वपूर्ण मांगों को फालतू समझकर अनदेखा कर रहा है। मेरे द्वारा भी विभाग और अधिकारियों को सूचित किया गया तथा उनसे चर्चा भी की गई, लेकिन इस शासन में आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। यह बहुत ही सोचने वाली बात है।

विद्यालय के प्राचार्य दिलीप देवांगन ने अपनी बेबसी जाहिर करते हुए कहा कि हम कर ही क्या सकते हैं। सूचना खंड शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, विभाग, जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रीय मंत्रियों सभी को लिखित में दी गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। गांव में छात्र-छात्राओं के पालक प्रतिदिन इस विषय पर पूछताछ कर रहे हैं। छात्र-छात्राओं में भय का माहौल है और दूसरा विकल्प भी नहीं है।

ग्रामीणों और पालकों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि विद्यालय भवन की मरम्मत अथवा नया भवन निर्माण कार्य शीघ्र कराया जाए, ताकि छात्र-छात्राओं की शिक्षा बाधित न हो और वे सुरक्षित वातावरण में अध्ययन कर सकें।

**सियासत : कार्यक्रमों का शुभारंभ मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से किया जाएगा**

# पीएम मोदी के जन्मदिन से गांधी जयंती तक भाजपा चलाएगा सेवा पखवाड़ा व कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर



भारतीय जनता पार्टी मंडल कोरर में 17 सितंबर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से लेकर 2 अक्टूबर महात्मा गांधी के जन्म जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री के जन्म जयंती तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा। कोरर मंडल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश के उपाध्यक्ष सतीश लाटिया ने कार्यकर्ताओं से कहा कि सेवा पखवाड़ा अंतर्गत सभी मंडल के सभी बूथों में स्वच्छता अभियान, एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण, मंडल स्तरीय रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, प्रधानमंत्री जी के जीवन पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन, प्रबुद्ध वर्ग संवाद, दिव्यांग और जिले के अन्य विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान, स्वर का लोकल का प्रचार, प्रधानमंत्री पर चयनित पुस्तकों का वितरण, सांसद खेलकूद प्रतियोगिता, विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता, मोदी विकास मैराथन, प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती, गांधी जयंती, लाल बहादुर शास्त्री जयंती जैसे अनेक कार्यक्रम किए जाने हैं। साथ ही इस कार्यक्रम के मंडल के प्रभारी एवं भारतीय जनता पार्टी जिला कांकेर के जिला उपाध्यक्ष गौतम उनके ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने एवं जिले में मंडल को अग्रणी कार्य करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष पीयूष कश्यप द्वारा स्वागत उद्बोधन एवं मंडल की रूपरेखा को अतिथि व प्रभारी के समक्ष रखा गया। एवं कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री जय शिवना द्वारा किया गया कार्यक्रम का आभार मंडल महामंत्री नरेंद्र शर्मा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से आर्थिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सतीश श्रीवास्तव, महिला मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष जएना तारम, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला मंत्री शंकर यादव, रमेश दुगा, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष चउत उयके, संतोषी ठाकुर, पार्वती साहू, मंडल मंत्री रमेश हुपेंडी, सतीश कोरेटी सरपंच ग्राम पंचायत बैजनपुरी, निर्भय कोमरा, रोहित साहू, रामदेव साहू, धनंजय साहू, कामता पटेल, रणजीत सिंह राठौर, तुलसीराम साहू, बृजलाल हिंडको, मोहन कमेटी, चंदन साहू, विजय कोमा, द्वारिका प्रसाद यादव, नरेंद्र कुमार जैन, कामेश्वर साहू, पुनेश चक्रधारी, उदय पटेल, मुकेश पटेल, विष्णु राम यादव ,देवेंद्र जैन, जयंतीलाल शिवनारायण साहू, भागीरथी जुर्री, रघुनंदन सिंह परिहार चंद्र कुमार साहू, मिथिलेश्वरी सोरी, मीडिया प्रभारी ईश्वर यदु आदि उपस्थित रहें।

## भानुप्रतापपुर भाजपा मंडल करेगा सेवा पखवाड़ा व कार्यशालाओं का आयोजन



**भानुप्रतापपुर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल भानुप्रतापपुर में सेवा पखवाड़ा के आयोजन की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला भाजपा संगठन द्वारा निर्धारित 15 करणीय बिंदुओं पर आधारित थी, जो आगामी सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत क्रियान्वित किए जाएंगे। कार्यशाला में मुख्य अतिथि जिला कोषाध्यक्ष राजा देवनानी ने सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए सभी प्रस्तावित गतिविधियों का विस्तृत विवरण दिया और कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश प्रदान किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे ने आश्वस्त किया कि भानुप्रतापपुर मंडल सभी निर्धारित बिंदुओं पर निष्ठा पूर्वक कार्य करेगा और संगठन की मजबूती के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्यरत रहेगा। इस अवसर पर जिला कार्यालय प्रभारी ठाकुर रत्नेश सिंह एवं नगर अध्यक्ष निखिल सिंह राठौड़ ने मतदान केंद्र स्तर तक संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के सह-संयोजक योगेश सोनवानी ने भी कार्यशाला में अपने सुझाव प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री राजीव श्रीवास द्वारा किया गया एवं कार्यशाला में सहयोगी महामंत्री गिरधारी नरेटी व मंडल उपाध्यक्ष चैतुराम अचला ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष एवं मंडल कोषाध्यक्ष जीवराखन सलाम के अथक प्रयासों से साल्हे ग्राम एवं कच्चे क्षेत्र के लगभग 16 लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इन युवाओं एवं नागरिकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व पर विश्वास जताते हुए भाजपा के साथ जुड़ने की घोषणा की। उन्होंने सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही महतारी वंदन योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रशंसा की। सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर को प्रधानमंत्री के जन्मदिवस एवं भगवान विश्वकर्मा जयंती से आरंभ होकर 2 अक्टूबर गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती तक चलेगा। इस दौरान स्वच्छता अभियान, एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण, रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर, प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन, प्रबुद्ध वर्गों से संवाद, दिव्यांगों एवं विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान, वोकल फॉर लोकल अभियान का प्रचार, चयनित पुस्तकों का वितरण, खेलकूद प्रतियोगिताएं, चित्रकला प्रतियोगिता, विकास मैराथन, प्रदर्शनी, पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती और अंत में गांधी व शास्त्री जयंती जैसे विविध जनजागरण कार्यक्रम संपन्न होंगे।

# ग्राम दुधावा में पादरी-पास्टर के प्रवेश पर लगाया गया प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुधावा



- धर्मांतरण रोकने दुधावा ग्राम विकास समिति की बैठक में लिया गया निर्णय
- एक परिवार ईसाई समुदाय को छोड़कर मूल समाज में लौटा

सरोना तहसील अंतर्गत ग्राम दुधावा में 11 सितंबर गुरूवार को ग्राम विकास समिति के प्रमुख पदाधिकारियों एवं ग्राम के प्रत्येक घर के महिला पुरुष की उपस्थिति में धर्मांतरण के बढ़ते मामलों को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए बैठक आयोजित की गई। बैठक में पारंपरिक रीति रिवाज को संरक्षित रखने के उद्देश्य से गांव में ईसाई समाज से जुड़े व्यक्ति पादरी, पास्टर को गांव में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय ग्राम समिति ने किया।

नरहरपुर विकासखंड के ग्राम दुधावा में लगभग 20 से 25 परिवार के लोग ईसाई समुदाय से जुड़े हुए हैं, इन्हें ग्राम विकास समिति ने अपने धर्म अपने गांव की पारंपरिक हिंदू रीति रिवाज जीवन और सामाजिक सौहार्द्र बनाए रखने के लिए समझाइए दिए गए। इन लोगों ने नहीं माने तो ग्राम समिति ने इन्हें 2 अक्टूबर का समय दिया गया है, अगर धर्मांतरण से वापसी नहीं लेते हैं तो ठोस निर्णय लेने का प्रस्ताव पारित किया गया है। ईसाई समुदाय से जुड़े ग्राम दुधावा निवासी सुरेंद्र कुमार निषाद पिता कृष्ण कुमार निषाद ने अपने समाज के मूल धारा में वापस आया तो उसको आज ग्रामीण स्तर पर स्वागत चंदन वंदन लगाकर एवं श्री फल देकर ग्रामीण जन स्वागत किया गया।




तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# नवरात्रि की तैयारी बैठक में मुकेश को समिति अध्यक्ष किया गया मनोनीत



**नरहरपुर।** चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्र की तैयारियों को लेकर नगर नरहरपुर के शितला मंदिर प्रांगण में नगर के नागरिकों की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई, जिसमें नवरात्र में माँ दुर्गा स्थापना से लेकर दशहरा उत्सव मनाने के विषय पर चर्चा की गई तथा इस आयोजन को संपादित करने समिति का गठन किया गया। समिति का गठन में सर्वसम्मति से मुकेश संचेती को श्रीश्री नवदुर्गा उत्सव समिति नरहरपुर का अध्यक्ष मनोनीत किया गया वही कोषाध्यक्ष आसकरण धुव व सचिव हेमंत साहू को नियुक्त किया गया तथा सदस्य शितला कल्याण समिति के सभी पदाधिकारी रहेंगे। मुकेश संचेती ने बताया कि नगर मे हर वर्ष नवरात्र में माँ दुर्गा की स्थापना होती है और साथ ही शितला माता मंदिर में कलश स्थापना की जाती है, जिससे श्रद्धालुओं द्वारा आस्था के साथ अपने या परिवार के नाम पर कलश जलाया जाता है तथा इन नौ दिनों में रोज़ाना धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर आयोजन किया जाता है, जिससे नगर में धार्मिक वातावरण बना रहता है तथा नगरवासी अपनी सहभागिता निभाते हैं। इस सभी कार्यों के लिए अलग अलग प्रभारी बनाकर कार्य विभाजन किया गया है। बैठक में शितला समिति के अध्यक्ष छेदू शोरी, नगर पटेल आसाराम जूरी, मोहन कुंजाम, सुभाष गजेंद्र, मन्नू साहू, लक्ष्मी नारायण साहू, जयराम मरकाम, राम प्रसाद विश्वकर्मा, श्याम लाल साहू आदि उपस्थित रहे।

